<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

दिनांक:– 09.02.2020

सड़क सुरक्षा सप्ताह
दिनांक 04 फरवरी से 10 फरवरी 2020

आज दिनांक 09.02.2020 को 31वां सड़क सुरक्षा सप्ताह के छठे दिन आमजन व वाहन चालकों में यातायात नियमों की जागरूकता हेतु आखलिया चौराहा पर यातायात नियमों की होर्डिग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया व प्रमुख चौराहो पर आमजन व वाहन चालकों में यातायात नियमों के पैम्पलेट वितरण के साथ वाहनों पर रिफ्लेक्टर चिपकाये गये।

शहर के प्रमुख चौराहो पर वाहन चालको को गुलाब का फूल देकर गांधीगिरी के तहत समझाईश की गई। विभिन्न चौराहो पर नुक्कड़, नाटक का आयोजन कर यातायात जागरूकता का प्रचार प्रसार किया गया।

दिनांक 10.02.2020 को सोहनलाल मनिहार बालिका सीनियर सैकण्डरी स्कूल शिवांची गेट जोधपुर के ऑडिटोरियम में प्रात: 10.30 बजे 31वां सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन्न समारोह का आयोजन किया जायेगा। प्रमुख चौराहो पर नुक्कड़ नाटक, गांधीगिरी के तहत समझाईस के साथ पेम्पलेटस वितरण व स्टिकर चिपकाये जायेंगे।

इस सड़क सुरक्षा सप्ताह का मुख्य उद्वेश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना एवं आमजन में यातायात नियमों की जानकारी व जागरूता उत्पन्न करना है। आमजन व वाहन चालकों से भी अपील की जाती हैं कि वह यातायात नियमों की पालना कर सड़क सुरक्षा सप्ताह को सफल बनावें।

''युवा शक्ति के माध्यम से परिवर्तन''

"Bringing Change Through Youth Power"

ओर से

(नाथूसिंह)
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
यातायात, जोधपुर

B612

31 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा
4 फरवरी से 10 फरवरी 2020
युवा शक्ति के माध्यम से
यातायात पुलिस कमिश्नरेट जोधपुर द्वारा
नुक्कड नाटककर्त्ता टीम -

ALBY CLINIC
SHALBY
RJ19P
B7281